an>

Title: Need to construct bridges on roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Gaya and Aurangabad districts in Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गया और औरंगाबाद जिला के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों विशेषकर नवीनगर प्रखण्ड अंतर्गत टण्डवा-गजना पथ की स्थिति जर्जर है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्र उग्रवाद से प्रभावित हैं। ऐसी स्थिति में सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण प्रशासनिक और पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए अति लोक उपयोगी साबित होगा, परंतु अच्छी सड़कों एवं पुलों का निर्माण न होने के कारण मेरे क्षेत्र के निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के मार्गों पर स्थिति नदी-नालों पर पुल निर्माण का कार्य सम्पन्न नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में मेरे क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों की जाँच राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रबंधन दल द्वारा सुनिश्चित कराते हुए इस योजना के तहत निर्मित सभी पथों, विशेषकर हुलिया नदी पर पुल-नालों आदि का निर्माण कराने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाए, ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण और सड़कों के बीच पुल, नालों और अन्य सेतु के मध्य अनिर्मित कार्यों को सम्पन्न कर आम जनों के लिए सुगम पथ अग्रसर किया जा सके।